आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–14 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की पचपनवीं और महंत अवेद्यनाथ की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में सप्त दिवसीय पुण्यतिथि समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने भागवत कथा का शुभारंभ किया और कहा कि कथा अनेक प्रसंगों के साथ पुरातन परम्परा से हमे जोड़ती है। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा का नेतृत्व किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में नाथ पंथ पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने विश्विद्यालय की शिक्षिका डॉ पद्मजा सिंह की पुस्तक नाथपंथ का इतिहास का लोकार्पण भी किया।

****

प्रदेश सरकार ने अट्ठाइस आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं, जबकि एक अन्य आईएएस अधिकारी व प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र को वर्तमान दायित्वों के साथ साथ निदेशक राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद का अतिरिक्त प्रभार दिया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी इन तबादलों से कई जिलों में अहम बदलाव हुए हैं। कुशीनगर जिले के जिलाधिकारी उमेश मिश्र को मुजफ्फरनगर का जिलाधिकारी बनाया गया है। आजमगढ़ के जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज अब कुशीनगर के नये जिलाधिकारी होंगे। प्रयागराज के जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल को आजमगढ़ का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। जौनपुर के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर को प्रयागराज का जिलाधिकारी बनाया गया है । चीनी उद्योग और ग्राम विकास विभाग के विशेष सचिव डॉ दिनेश चंद्र जौनपुर के नये जिलाधिकारी होंगे और उनका दायित्व फतेहपुर की जिलाधिकारी सी इन्दुमति को सौंपा गया है। बलरामपुर के मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य को नगर आयुक्त बरेली बनाया गया है, जबकि उन्नाव के संयुक्त मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता को बलरामपुर के मुख्य विकास अधिकारी पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

****

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सत्र दो हजार चौबीस पचीस के दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा शुल्क और ऑनलाइन आवेदन करने अंतिम तिथि में संशोधन किया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की आखिरी तारीख बीस सितम्बर दो हजार चौबीस हो गई है। पच्चीस सितम्बर की रात बारह बजे तक ऑनलाइन शैक्षिक विवरण अपलोड किये जा सकते हैं।

****

रेलवे भर्ती बोर्ड की तरफ से निकाली गई आठ हजार एक सौ तेरह पदों की भर्तियों के लिए आवेदन आज से शुरू हो गये हैं। इन पदों के लिए तेरह अक्टूबर तक आवेदन किये जा सकेंगे। बोर्ड के अध्यक्ष ने आवेदकों से बिचौलियों, दलालों और जॉब रैकेट्स से सावधान रहने की अपील की है।

****

केंद्र सरकार ने गेहूं की कीमत में बढोतरी और जमाखोरी को रोकने के लिए व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करण करने वालों के लिए भंडारण की सीमा संशोधित की है।

केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए संशोधित गेहूं भंडारण की सीमा अब दो हजार मीट्रिक टन होगी। यह सीमा पहले तीन हजार मीट्रिक टन थी। व्यक्तिगत खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडारण सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि गेहूं भंडारण से जुडी सभी कम्पनियों को गेहूं भंडारण सीमा पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा । साथ ही प्रत्येक शुक्रवार को स्टॉक की स्थिति अपडेट करनी होगी।

****

मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के भीतर प्रदेश में बारिश की संभावना जताई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती मंडल और इसके आसपास हल्की वर्षा होने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि वाराणसी और प्रयागराज समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश और इससे सटे कुछ अन्य जिलों में कल के बाद मध्यम से तेज वर्षा की संभावना है। इस बीच, आज को प्रदेश के विभिन्न जिलों में दिन का मौसम साफ रहा, हांलाकि बारिश की संभावना को देखते हुए कई जिलों में स्कूल बंद रखे गये। पिछले कई दिनों से हो रही वर्षा के कारण प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनधन की हानि भी हुई है।

****

आज पूरा देश हिंदी दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। नई दिल्ली में आज इस मौके पर राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया । इसके उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सभी भाषाओं को मजबूत करने से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा मिले। इस मौके पर लखनऊ और अमरोहा समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजन किये जा रहे हैं।

****